## एक नजर में

### भारत में ऑडी एसक्यू8 को लॉन्च किया

इंदौर. जर्मन लग्ज़री कार निर्माता ऑडी ने भारत में नई ऑडी एसक्यू8 लॉन्च की. यह एसयूवी संतुलित परफॉर्मेंस और सटीक इंजीनियरिंग का शानदार उदाहरण है. ऑडी एसक्यू8, ऑडी के ऑडी क्यू8 लाइन-अप में एक खास स्थान रखती है, जो दमदार उपस्थिति, रोमांचक ड्राइविंग अनुभव और रोज़मर्रा की उपयोगिता को एक ही बहुउपयोगी पैकेज में जोड़ती है. इस अवसर पर बलबीर सिंह ढिल्लों, ब्रांड डायरेक्टर, ऑडी इंडिया ने कहा ऑडी एसक्यू8 भारत में हमारे हाई-परफॉर्मेंस एसयूवी लाइन-अप को और मजबूत करती है. यह पॉवर, रोज़मर्रा की उपयोगिता और असली रोमांचक परफॉर्मेंस का शानदार संतुलन प्रदान करती है. इसे उन ग्राहकों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो ऐसी लग्ज़री एसयूवी चाहते हैं जो सप्ताह के दिनों में आरामदायक हो और वीकेंड पर रोमांचक ड्राइविंग अनुभव दे. भारत में खासकर युवा ग्राहकों के बीच परफॉर्मेंस कारों के प्रति उत्साह तेजी से बढ़ रहा है, और ऑडी एसक्यू8 इस बढ़ती मांग को पूरा करने की दिशा में हमारा स्वाभाविक कदम है.

### सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी एम17ई 5जी

इंदौर. सैमसंग ने आज गैलेक्सी एम17ई 5जी को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह स्मार्टफोन 20 मार्च से सेमसंग.कॉम, अमेज़न और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा, जिसकी शुरुआती कीमत 13,999 रुपये रखी गई है. गैलेक्सी रू सीरीज़ सैमसंग के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन लाइन-अप में से एक है, और गैलेक्सी एम17ई 5जी इसी विरासत को आगे बढ़ाता है. सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के डायरेक्टर, अक्षय एस राव ने कहा गैलेक्सी एम17ई 5जी ऐसे इनोवेशन और अनुभव देता है जो जेन जी के लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं. मूल्य (वैल्यू) को महत्व देने वाले ये युवा यूजर्स ऐसे डिवाइस चाहते हैं जिनमें लंबी बैटरी लाइफ, स्मूथ ऐप परफॉर्मेंस, हाई-क्वालिटी फोटोग्राफी और प्रोडक्टिविटी (उत्पादकता) बढ़ाने वाले स्मार्ट फीचर्स हों. हाई-रिफ्रेश-रेट डिस्प्ले, बड़ी बैटरी, पावर-एफिशिएंट 5जी प्रोसेसर, 50एमपी कैमरा सिस्टम, इंटीग्रेटेड एआई टूल्स और लंबे समय तक सॉफ्टवेयर सपोर्ट के साथ, एक ऐसा भरोसेमंद स्मार्टफोन अनुभव सुनिश्चित करता है जिसकी इस पीढ़ी को तलाश है.

### एक दिन में टाटा सिएरा की 100 से अधिक यूनिट्स की डिलीवरी

इंदौर. टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में एक ही दिन में ऑल-न्यू टाटा सिएरा की 100 से अधिक यूनिट्स की डिलीवरी की. सिएरा को देशभर में 1,00,000 से अधिक बुकिंग मिल चुकी हैं, जो इस मॉडल की मजबूत मांग और इसकी स्थायी लोकप्रियता को दर्शाती हैं. यह अभूतपूर्व प्रतिक्रिया सिएरा की प्रतिष्ठित पहचान और प्रीमियम मिड-एसयूवी के रूप में ग्राहकों के दिलों और दिमाग में उसकी खास जगह को रेखांकित करती है. यह महत्वपूर्ण आयोजन उज्जैन में आयोजित किया गया, जहां सांघी ब्रदर्स प्राइवेट लिमिटेड (इंदौर और उज्जैन), श्याम ऑटोमोटिव (इंदौर और धार), सुगंध ऑटोमोबाइल्स (उज्जैन, रतलाम और नीमच), फ्रंटियर मोटोकॉर्प (जबलपुर), और सुनील ऑटोमोटिव्स (छिंदवाड़ा) ने ग्राहकों के साथ मिलकर इस मौके का जश्न मनाया. यह आयोजन इस प्रतिष्ठित एसयूवी की शुरुआती बड़े पैमाने की ग्राहक डिलीवरी में से एक रहा.

### शिगमोत्सव 2026 का हुआ सफल समापन

इंदौर. गोवा सरकार के पर्यटन विभाग ने शिगमोत्सव 2026 के जीवंत एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध समारोहों का सफल समापन किया. राज्य के विभिन्न स्थानों से स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने बढ़चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया. कार्यक्रम की शुरूआत पोंडा से हुई और यह मुख्यनगरों जैसे कैलेंग्यूट, पणजी, मापुसा, कुर्चोरेम, बिचोलिम, सांखेलीम, शिरोडा, सांगुएम, धारबंदोरा, कुनकोलिम, मडगांव, वास्को, पोवोरिम, वालपोई, पेरनेम और क्वेपेम से होते हुए आगे बढ़ा, और अंत में मांड्रेम में एकभव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ. शिगमोत्सव के समापन पर पर्यटन मंत्रीरोहन ए. खाउंटे ने कहा शिगमोत्सव गोवा की अनोखी सांस्कृतिक पहचानऔर सामुदायिक भावना की अभिव्यक्ति है. हमें यह देखकर बहुत खुशी हुई कि स्थानीयलोग और पर्यटक, दोनों ने इस अनूठे उत्सव का जमकर लुत्फ़ उठाया. गोवा के पर्यटन निदेशक, केदार नाइक ने कहा शिगमोत्सव गोवा की जीवंतपरंपराओं और सामुदायिक भावना की अभिव्यक्ति है. कई स्थानों परसमारोह का आयोजन कर हम पर्यटकों को गोवा की संस्कृति का प्रमाणिकअनुभव प्रदान करते हैं.

### वरिष्ठ नागरिकों ने सूर्य को अर्घ्य दिया



इंदौर. वरिष्ठ नागरिक मंच औदुम्बर ब्राह्मण समाज द्वारा वर्ष प्रतिपदा पर महालक्ष्मी मंदिर परिसर उषा नगर में सूर्य को अर्घ्य दिया गया. मंच के अध्यक्ष जगदीश चंद्र जोशी ने तिलक लगाकर सभी सदस्यों का स्वागत किया. संवत्सर स्रोत का वाचन आचार्य पंडित पुष्पक गौर तथा आदित्य हृदय स्तोत्र का वाचन निर्मल उपाध्याय ने किया. संचालन प्रदीप जोशी ने किया. आभार सुरेश दुबे ने माना.

### न्यूट्रिका बाय बीएन एग्रीटेक ने शहद सेगमेंट में रखा कदम

इंदौर. बीएन एग्रीटेक के लाइफस्टाइल और वेलनेस ब्रांड और भारत के तेजी से बढ़ती वेलनेस-फर्स्ट एफएमसीजी ब्रांड, न्यूट्रिका ने शहद सेगमेंट में कदम रखते हुए न्यूट्रिका बी हनी लॉन्च किया है. यह खास तरह के वैरिएंट्स की रेंज है, जो एनर्जी, फिटनेस और इम्युनिटी पर ध्यान देती है और अब दिल्ली एनसीआर व मुंबई के जनरल ट्रेड स्टोर्स में उपलब्ध है. न्यूट्रिका बी हनी के तीन अलग-अलग वैरिएंट्स इस प्रकार हैं. सभी वैरिएंट्स में न तो आर्टिफिशियल प्रिज़र्वेटिव्स हैं और न ही अतिरिक्त चीनी मिलाई गई है. न्यूट्रिका के डायरेक्टर और बिजनेस हेड (एफएमसीजी) स्पर्श सचर ने कहा न्यूट्रिका बी हनी सिर्फ एक नया प्रोडक्ट नहीं है, बल्कि यह हमारी पहचान और सोच का हिस्सा है. हमने न्यूट्रिका को इस तरह तैयार किया है कि यह आज की एक्टिव लाइफस्टाइल को सपोर्ट करे, जहाँ परंपरा और नई सोच दोनों का संतुलन हो. हमारी हनी रेंज के साथ हम एक स्वच्छ और प्राकृतिक विकल्प दे रहे हैं, जो बदलती वेलनेस जरूरतों के साथ मेल खाता है.

### अमेजन फैशन और ब्यूटी ने एआई से खोज को बनाया आसान


इंदौर. स्प्रिंग सीज़न शुरू होने के साथ ही अमेजन फैशन और ब्यूटी एआई-पावर्ड टूल्स की मदद से ग्राहकों के लिए स्प्रिंग-रेडी लुक्स को खोजना और खरीदना आसान बना रहा है. रूफस के साथ बातचीत करके शॉपिंग करने से लेकर अमेजन लेंस एआई के जरिए विज़ुअल डिस्कवरी तक, ग्राहक अब आसानी से मिक्स और मैच कर सकते हैं और पूरे लुक तैयार कर सकते हैं—सिर्फ एक फोटो या एक आसान सवाल के जरिए. स्प्रिंग समर'26 कलेक्शन में 200 से अधिक प्रमुख फैशन और ब्यूटी ब्रांड्स के 1 लाख से ज्यादा स्टाइल्स शामिल हैं, जिनमें अपैरल, फुटवियर, वॉचेस, लगेज और ब्यूटी प्रोडक्ट्स शामिल हैं. समर ऑफ लव, इंडी समर, हेरिटेज गेटअवे, बीच ड्रीम, एक्सप्लोरर क्लब और लास्ट रिज़ॉर्ट जैसे क्यूरेटेड एडिट्स ब्रंच के लिए फ्लोरल ड्रेसेज़, शाम के लिए स्टाइलिश बॉटम्स, फैशन-फॉरवर्ड स्नीकर्स और स्टेटमेंट एक्सेसरीज़ जैसे कई शानदार लुक्स पेश करते हैं—जो पूरे समर में आपको अलग दिखाने के लिए परफेक्ट हैं.

### रियलमी ने पी4 लाइट 5जी लॉन्च किया

इंदौर. रियलमी ने आज रियलमी पी4 लाइट 5जी लॉन्च किया है. इसे स्मूथ 7000 एमएएच पायनियर कहा जा रहा है, क्योंकि इसमें इस सेगमेंट की सबसे बड़ी 7000 एमएएच बैटरी है. यह फोन उन लोगों के लिए बनाया गया है जो लंबी बैटरी और रोज़मर्रा के कामों में स्मूद परफॉर्मेंस चाहते हैं. एक बार चार्ज करने पर यह फोन करीब 1.47 दिन तक चल सकता है. यह फोन रोज़ के काम बिना रुके करने में मदद करता है और इसमें अच्छी बैटरी, स्टाइलिश डिजाइन, बड़ा डिस्प्ले और तेज 5जी कनेक्टिविटी मिलती है. रियलमी पी4 लाइट 5जी में बड़ी 7000एमएएच बैटरी की वजह इसे बार-बार चार्ज करने की चिंता नहीं रहती और फोन लंबे समय तक चलता है. आप वीडियो देख सकते हैं, गेम खेल सकते हैं या कई काम एक साथ कर सकते हैं, फिर भी बैटरी जल्दी खत्म नहीं होती. इस फोन में मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6300 5जी प्रोसेसर दिया गया है, जो फोन को तेज और स्मूद चलने में मदद करता है.

### एक्सिस फाइनेंस ने कलेक्शन कॉल्स के लिए एआई मॉनिटरिंग शुरू की

इंदौर. एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड (एएफएल) ने आज अपनी कलेक्शन कॉल्स के लिए पूरी तरह एआई-आधारित क्वालिटी मॉनिटरिंग फ्रेमवर्क लागू करने की घोषणा की. इसका उद्देश्य ग्राहक सुरक्षा को बेहतर बनाना, अनुपालन को मजबूत करना और पुनर्भुगतान से जुड़ी बातचीत के दौरान निष्पक्ष, पारदर्शी और जिम्मेदार संवाद सुनिश्चित करना है. कलेक्शन कॉल्स, लेंडिंग प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण ग्राहक संपर्क बिंदुओं में से एक होती हैं. इस पहल पर एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ साई गिरिधर ने कहा एक्सिस फाइनेंस में हम जिम्मेदार और पारदर्शी प्रथाओं के माध्यम से ग्राहकों का विश्वास मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.





# खाटू श्याम की निकाली ध्वज यात्रा

## तीन दिवसीय श्री खाटू श्याम जन्म कथा के पहले दिन राजा बर्बरीक के जन्म का सुनाया वृतांत, खाटू श्याम भगवान की सजाई सुंदर झांकी

**झाबुआ।** करने वाला श्याम कराने वाला श्याम परिवार द्वारा 18 से 20 मार्च तक हिंदू नववर्ष के उपलक्ष में शहर के मध्य राजवाड़ा पर तीन दिवसीय श्री खाटू श्याम जन्म कथा का आयोजन प्रतिदिन रात 8 से 11 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें सुप्रसिद्ध कथा वाचक डॉ. मंथन शांडिल्य भोपाल भगवान श्री श्याम प्रभु के जन्म से लेकर शीश दान तक के प्रसंग का वर्णन कर रहे है।

कथा के प्रथम दिवस बुधवार देर शाम शहर में श्री खाटू श्याम भगवान की निशान ध्वज यात्रा निकाली गई। बाद राजवाड़ा पर खाटू श्याम भगवान का दरबार सजने के साथ प्रथम दिवस कथा आरंभ हुई। जिसमें पहले दिन कथा वाचक पं. मंथन शांडिल्य ने राजा बर्बरीक के जन्म का वृतांत बताया। जानकारी देते हुए आयोजन समिति अध्यक्ष सचिन उपाध्याय एवं श्यामप्रेमी रविराजसिंह राठौर ने बताया कि 18 मार्च, बुधवार शाम 6 बजे स्थानीय कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री जगदीश मंदिर (श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर) से श्री खाटू श्याम भगवान की निशान ध्वज यात्रा ढ़ोल-धमाको और बैंड-बाजों के साथ निकाली गई। यात्रा में सभी श्यामप्रेमी अपने हाथों में भगवान के ध्वज लेकर शामिल हुए। यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होकर निकाली गई। यात्रा का विभिन्न संस्थाओं एवं समाजजनों द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। यात्रा के राजवाड़ा पहुंचने पर यहां मंच पर भगवान श्री खाटू श्यामजी की सुंदर झांकी सजाई गई। बाद कथा का आरंभ हुआ। प्रारंभ में आयोजन समिति की ओर से कथावाचक पं. मंथन शांडिल्य व संगीत टीम का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने भगवान के जन्म प्रसंग का श्रवण किया।

> इस बीच समधुर भजनों पर महिलाओं और युवाओं ने नृत्य भी किया। आयोजन स्थल पर भक्तों पर श्यामप्रेमियों द्वारा इत्र, केसर एवं पुष्पों से वर्षा की गई। जिससे पूरा पंडाल महक उठा। श्री खाटू श्यामजी की पूजा-अर्चना पदमा त्रिवेदी यजमान परिवार द्वारा की गई। कथा में बताया गया कि खाटू नरेश, जिनका जन्म नाम बर्बरीक है, उनके जन्म के बारे में कथा वाचक द्वारा विस्तृत वर्णन किया गया। कथा रात 8 बजे से सतत् 11.30 बजे तक चली। बाद महाआरती एवं महाप्रसादी का वितरण सभी भक्तों को किया गया। श्री खाटू श्याम जन्म कथा 20 मार्च, शुक्रवार तक चलेगी।



# अमावस्या पर दादू महाराज संस्थान का सेवादान अभियान जारी

**'डॉ. दादू महाराज की प्रेरणा से गरीबों के बीच फरियाली खिचड़ी का वितरणए नववर्ष पर प्रभात फेरी में भी कराया गया नाश्ता'**

**पेटलावद।** समाज सेवा और आध्यात्मिक चेतना के संगम का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए "दादू महाराज संस्थान" द्वारा प्रत्येक अमावस्या पर गरीब बस्तियों में सेवा और दान का क्रम निरंतर जारी रखा जा रहा है। इसी परंपरा के तहत इस बार अमावस्या के पावन अवसर पर स्थानीय फूटा मंदिर परिसर में जरूरतमंदों के बीच फरियाली खिचड़ी का वितरण किया गया।

यह सेवा कार्य कृषि उपज मंडी बदनावर के प्रभारी सचिव बाबूलाल यादव के सहयोग से सम्पन्न हुआ। उन्होंने श्रद्धा भाव से उपस्थित गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को प्रसाद स्वरूप फरियाली खिचड़ी वितरित की। इस अवसर पर उनके छोटे से नाती रूद्र वर्मा ने भी उत्साहपूर्वक सेवा कार्य में भाग लेते हुए वितरण व्यवस्था में सहयोग किया। संस्थान के सभी सदस्यों ने मिलकर समर्पण भाव से प्रसाद वितरण किया।

> संस्थान के सदस्यों ने बताया कि यह सेवा कार्य डॉण् दादू महाराज की प्रेरणा और आशीर्वाद से निरंतर किया जा रहा है। डॉण् दादू महाराज सदैव इस बात पर बल देते हैं कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और सहयोग पहुँचना ही सच्चा धर्म है। इसी भावना के साथ दादू महाराज संस्थान समय.समय पर भोजन वितरणए सेवा कार्य और विभिन्न सामाजिक गतिविधियाँ संचालित करता रहता है।नववर्ष के शुभ अवसर पर भी नगर मे आयोजित प्रभात फेरी के दौरान श्रद्धालुओं के लिए नाश्ते की व्यवस्था की गईए जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर भक्ति और उत्साह के साथ नववर्ष का स्वागत किया।डॉण् दादू महाराज की प्रेरणा से संचालित इन सेवा कार्यों से समाज में दानए करुणा और परोपकार की भावना को नई ऊर्जा मिल रही है। संस्थान का उद्देश्य केवल धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करना नहींए बल्कि सेवाए संस्कार और सहयोग के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

# भक्ति और संस्कारों के संगम के साथ संपन्न हुई सिद्धांचल भावयात्रा

### मुमुक्षु बहनों का किया बहुमान

**राणापुर। नगर में नूतन वर्ष ओर दादा गुरुदेव श्रीमद राजेंद्र सुरीश्वरजी के स्वर्गारोहण की द्वि शताब्दी वर्ष निमिती आध्यात्मिक ऊर्जा और धार्मिक उत्साह का एक ऐतिहासिक दृश्य देखने को मिला। श्री सोधर्मतपोगच्छीय त्रिस्तुतिक श्री त्रिस्तुतिक जैन संघ, राणापुर द्वारा दादा गुरुदेव श्रीमद विजय राजेंद्र सुरीश्वरजी महाराज साहिब के द्वि-शताब्दी महोत्सव के पावन उपलक्ष्य में आयोजित 'सिद्धांचल भावयात्रा' भव्यता के साथ संपन्न हुई।**

**पुण्य सम्राट श्रीमद जयंतसेन सूरी के पट्टधर राणापुर नंदन गच्छाधिपति श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीश्वरजी महाराज की प्रेरणा और पूज्या श्री शशिकला श्रीजी महाराज की शिष्या सा. श्री अनंतदृष्टा श्रीजी एवं मयूरकला श्रीजी महाराज आदि ठाना 36 के पावन सानिध्य में पूरा नगर गुरु भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।**

सुबह 9 बजे स्थानीय राजेंद्र भवन से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा में श्री यतीन्द्र जयंत पाठशाला के नन्हे बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चे अपने हाथों में पुण्य सम्राट दादा गुरुदेव की तस्वीर उठाए और जैन ध्वज लहराते हुए चल रहे थे। परमात्मा के जयकारों और बच्चों के उत्साह ने मार्ग के वातावरण को धर्ममय बना दिया।

यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों महात्मा गांधी मार्ग, सुभाष मार्ग, चंद्रशेखर मार्ग, जवाहर मार्ग, सरदार मार्ग, तिलक गली और शिवाजी चौक से गुजरी, लाभार्थी सोहनलाल सेठ परिवार ने अपने निवास पर सभी समाजजनों को तिलक कर संघ पूजा की ..शोभायात्रा पुनः राजेंद्र भवन पहुंची, जहां धर्मसभा का आयोजन हुआ। सभा को संबोधित करते हुए साध्वी श्री मयूरकला श्रीजी महाराज ने सिद्धगिरी (पालीताना) महातीर्थ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि 'सिद्धांचल महातीर्थ शाश्वत है। यहां भगवान आदिनाथ ने पूर्व नवाणू (99) बार यात्रा की है। इस तीर्थ के कण-कण में परमात्मा विराजमान हैं और इसकी भावपूर्ण स्पर्शना करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।' साध्वी जी ने अपने प्रवचन में दादा गुरुदेव राजेंद्र सुरीश्वरजी के जीवन के अनेक प्रेरक वृतांत सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### स्कूली छात्रों ने दीं शिक्षाप्रद प्रस्तुतियां...

श्री संघ झाबुआ से आए संजय मेहता, मुकेश नाकोडा और बड़वाह से पधारे संजय भंडारी का बहुमान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य लाभार्थी सोहनलाल सेठ परिवार (राणापुर/इंदौर) का भी श्री संघ ने भावभीना बहुमान किया। वहीं, संयम पथ की ओर अग्रसर 15 मुमुक्षु बहनों का बहुमान सोहनलाल सेठ एवं अनिल सेठ परिवार की ओर से किया गया। इस दौरान श्री यतीन्द्र जयंत पाठशाला के बच्चों ने शिक्षाप्रद प्रस्तुतियां दीं, जिसकी समस्त समाजजनों ने सराहना की।संपूर्ण कार्यक्रम का सफल और प्रभावी संचालन सुरेश समीर ने किया। कार्यक्रम के अंत में मनोज सेठ ने सभी पधारे हुए अतिथियों, धर्मप्रेमियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। अंत में लाभार्थी परिवार की ओर से आयोजित स्वामी वात्सल्य (भोज) के साथ इस ऐतिहासिक महोत्सव का समापन हुआ।

# इंदौर एयरपोर्ट पर नवीनीकृत टर्मिनल टी-1 का लोकार्पण 24 मार्च को

### बढ़ेगी एयरपोर्ट की क्षमता

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर. देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर नवीनीकृत पुराने टर्मिनल भवन (टी-1) का लोकार्पण 24 मार्च को किया जाएगा. इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे.**



नए टर्मिनल के शुरू होने के बाद एयरपोर्ट की कुल क्षमता बढ़कर सालाना 50 लाख यात्रियों तक पहुंच जाएगी. इससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और एयरपोर्ट पर बढ़ते दबाव को कम करने में मदद मिलेगी. इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि एयरपोर्ट का तेजी से विकास हो रहा है. उन्होंने केंद्र सरकार के सहयोग को इसका प्रमुख कारण बताया, जिससे यात्रियों को आधुनिक और बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं.

**यात्रियों के लिए नई सुविधाएं**

नवीनीकृत टर्मिनल में यात्रियों की सुविधा के लिए कई आधुनिक सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जैसे- उड़ान यात्री कैफे, फ्री वाई-फाई, स्टॉल, फर्स्ट फ्लोर पर लाइब्रेरी सुविधा. यह नया टर्मिनल इंदौर एयरपोर्ट के बढ़ते महत्व और यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है,.

**एक नजर** ▶ चैत्र नवरात्रि में माताजी मंदिरों में भक्तों की हो रही भारी भीड़, गुड़ी पड़वा पर महाराष्ट्रीयन समाज ने घरों में गुड़ी बांधकर की पूजा

# हिंदू नववर्ष पर शहर में निकाली भव्य प्रभात फेरी

**झाबुआ।** हिंदू नववर्ष के अवसर पर हिंदू नववर्ष उत्सव समिति एवं सकल हिंदू समाज द्वारा शहर में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद राजवाड़ा पर सभी को नीम से बने शर्बत का वितरण किया गया। वहीं चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस शहर के माताजी मंदिरों में भक्तों की अत्यधिक भीड़ देखने को मिली।

गुड़ी पड़वा पर महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा अपने घरों में गुड़ी बांधकर उसकी पूजा-अर्चना की गई। हिंदू नववर्ष उत्सव समिति एवं सकल हिंदू समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विक्रम संवत हिंदू नववर्ष के उपलक्ष में शहर के मध्य राजवाड़ा चौक से भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के महिला-पुरुष एवं युवाजन अपने हाथों में केसरिया ध्वज लेकर चले। सभी ने उत्साहपूर्वक भगवान श्रीराम एवं भारत माता के सामूहिक जयघोष लगाएं। प्रभात फेरी में पुरुष एवं महिला वर्ग एक जैसे परिधानों में सज-संवरकर शामिल हुआ और सभी में अत्यधिक उत्साह देखने को मिला। यह प्रभात फेरी बैंड-बाजों के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः समापन राजवाड़ा पर हुआ। राजवाड़ा पर सभी ने नीम के शर्बत का आनंद लिया और एक-दूसरे को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। *घरों एवं



प्रतिष्ठानों पर लगाए गए ध्वज -* हिंदू नववर्ष के उपलक्ष में सनातन समाज के लोगों द्वारा अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर केसरिया ध्वज लगाए गए। वहीं महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा अपने घरों के द्वार पर गुड़ी बांधकर उसकी पूजा-अर्चना की। घरों में विशेष व्यंजन बनाकर ग्रहण किए गए। शहर में सनातन समाज द्वारा एक-दूसरे को दिनभर हिन्दू नववर्ष (गुड़ी पड़वा) की शुभकामनाएं देने का कम प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से चलता रहा। सिंधी समाज द्वारा 20 मार्च, शुक्रवार को इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

**मंदिरों में दिनभर रहीं भीड़ :** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस शहर की नेहरू मार्ग स्थित प्राचीन श्री दक्षिणमुखी महाकालिका माता मंदिर एवं कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री अंबे माता मंदिर में माताजी का प्रथम दिन शैलपुत्री के रूप में श्रृंगार किया गया। दिनभर भक्तों की दर्शन पूजन के लिए भीड़ देखने को मिली।

> इसी प्रकार शहर के नेहरू मार्ग स्थित प्राचीन श्री संतोषी माता मंदिर, बसंत कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित श्री नवदुर्गा धाम, कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री खोडियार माता मंदिर एवं एवं कॉलेज मार्ग स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर भी श्रद्धालुओं का दर्शन-पूजन के लिए आना-जाना लगा रहा। चैत्र नवरात्रि पर्व 19 मार्च, गुरुवार से शुरू होकर 27 मार्च, शुक्रवार तक चलेगा। अंतिम दिवस रामनवमी पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव शहर के श्रीराम मंदिरों में मनाते हुए भगवान की महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन होगा।